हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 कन्याओं को भोजन करवाकर श्रद्धालुओं....



12 विकास रैली को लेकर ग्रामीणों में उत्साह : गौतम



## खबर संक्षेप

### दहेज हत्यारोपित पति गिरफ्तार, भेजा जेल

**जींद।** शहर थाना पुलिस ले दहेज हत्यारोपित पति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

मृतका के पिता गांव कोथ कलां निवासी सुबेर बेग ने गत 15 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी पिंकी की शादी लगभग दो साल पहले मूलतः गांव काब्रच्छा हाल विश्वकर्मा कालोनी निवासी रमेश के साथ हुई थी। उसका दामाद रमेश 2025 में अवैध असलहा के साथ भी पकड़ा गया था।

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने जुलाना बाईपास पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

एवीटी स्टाफ को सूचना मिली थी कि जुलाना बाईपास पर निजी स्कूल के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा था।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** जिले के गांव कैलरम में ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बेलरखां के सोहनलाल ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मार्च को दोपहर के 12:00 बजे जब वह अपने बाइक पर सवार होकर गांव से जा रहा था तो एक अज्ञात ट्रक चालक ने अपने ट्रक को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस कैथल में एक गाड़ी से बरामद किए गए 15 गैस सिलेंडर के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना कैथल के एएसआई रामपाल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कैथल के सेक्टर 20 स्थित होटल पर गाड़ी खड़ी है जिसमें इंडियन गैस के कमर्शियल 15 गैस सिलेंडर भरे हुए हैं। मिली सूचना के आधार पर जैसे ही टीम द्वारा दबिश दी गई।

### युवती को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल शहर की कॉलोनी से एक युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 मार्च को मोहित नामक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने उनके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### मकान से लाखों के जेवर सामान चुराया

**कैथल।** शहर के खुराना रोड स्थित लक्ष्मी विहार कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना लाखों रुपए के गहने, नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय मकान मालिक घर पर मौजूद नहीं थी। जब वह वापस घर लौटी तो उसे घर के ताले टूटे हुए मिले। सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मी विहार कॉलोनी की गली नंबर 15 निवासी कमलेश ने बताया कि 24 मार्च को वह शाम 3 बजे मकान पर ताला लगाकर अपनी बहन के घर चली गई थी।

## शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों पर कसा शिकंजा

# विभाग ने जारी की बिना मान्यता के चल रहे 35 स्कूलों की सूची

### अपने बच्चों का दाखिला केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही करवाएं

नरेश पंवार ▶▶| कैथल





जिला शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता और बिना अनुमति के संचालित हो रहे निजी स्कूलों के खिलाफ कड़ा रुख अखित्यार किया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने निदेशालय के निर्देशों का पालन करते हुए 35 स्कूलों की सूची जारी करते हुए इन्हें अवैध घोषित किया है। यही नहीं उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला इन संस्थानों में न करवाएं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना सरकारी मान्यता के संचालित स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों का भविष्य जोखिम में पड़ सकता है। ऐसे में यदि अभिभावक इन स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवाते हैं, तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। शिक्षा विभाग ने यह भी बताया कि सूची में शामिल कुछ स्कूलों को 'बंद' श्रेणी में रखा गया है, जिनकी जांच पहले ही पूरी की जा चुकी है। विभाग द्वारा ऐसे सभी स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया भी जारी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निजी स्कूल संचालकों ने शिक्षा का पूरी तरह से व्यापारीकरण कर दिया है। हर गली मोहल्ले में निजी स्कूल चलाए जा रहे हैं। ये स्कूल बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के मापदंड तय नहीं करते। इसके बावजूद अभिभावक इन स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवा देते हैं जिससे कई बार अनहोनी का अंदेशा बना रहता है। यही नहीं बिना मान्यता के चल रहे इन स्कूलों से बच्चों का भविष्य भी खराब होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही करवाएं। साथ ही, यदि किसी क्षेत्र में अवैध रूप से स्कूल संचालित होने की सूचना मिले तो तुरंत शिक्षा विभाग को सूचित करें ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। अभिभावकों को चाहिए कि वे दाखिले से पहले स्कूल की मान्यता के दस्तावेज अवश्य जांच करे। सरस्वती विद्या मंदिर और शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल (खेड़ी लांबा), गीता विद्या मंदिर कोलेखा, गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल कैलरम, एस.वी.एन. स्कूल (खरक पांडवा), गीता मॉडल स्कूल (वजीर नगर), सरस्वती पब्लिक स्कूल (चांदना), शहीद उधम सिंह स्कूल भुसला, गीता निकेतन पब्लिक स्कूल भुना, स्विफ्ट इंटरनेशनल स्कूल (क्योड़क), शिक्षा पब्लिक स्कूल (ग्योंग), एस.डी. मॉडर्न स्कूल (बात्ता), गीतांजलि पब्लिक स्कूल (करोडा), गीता मनोहर पब्लिक स्कूल नंद करण माजरा, टुगेदर वी स्कूल (सेरधा), सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल (थेह बुटाना), नवज्योति पब्लिक स्कूल (चुड़माजरा), ग्रीन वे पब्लिक स्कूल (संगतपुरा), शहीद भगत सिंह स्कूल व आदर्श पब्लिक स्कूल बरटा, नव जीवन पब्लिक स्कूल, शहीद भगत सिंह स्कूल और मदर प्राइड पब्लिक स्कूल (धनौरी), किड्स ज़ोन (चंदाना), शिव पब्लिक स्कूल (कुराड), चौधरी देवी लाल स्कूल (बालू), चाणक्य पब्लिक स्कूल कमालपुर, हरियाणा पब्लिक स्कूल डुंडवा, आरएस पब्लिक स्कूल कलायत, एसवीएन ग्लोबल स्कूल (खेड़ी लांबा), सरस्वती मिडिल स्कूल बडसिकरी, ज्ञानदीप विद्या मंदिर खेड़ी शेरखा, ब्राइट बिगिनिंग पब्लिक स्कूल (धनौरी) तथा हर-हर महादेव स्कूल किछाना बिना मान्यता के संचालित पाए गए हैं।

### कार्यवाही अमल में लाई जा रही

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिले में चलाए जा रहे 35 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी की है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इन स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला न करवाएं। इसके अलावा इन स्कूल संचालकों के खिलाफ विभागीय नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### ग्राउंड रिपोर्ट जांच पड़ताल

बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई इस सूची में कई स्कूल ऐसे हैं जो पिछले 5 से 10 सालों से चलाए जा रहे हैं। विभाग हर बार दाखिले के समय ऐसे स्कूलों की सूची जारी करते हुए कार्यवाही के दावे करता है लेकिन मई माह के बाद फिर से सामान्य हो जाता है तथा इन बिना मापदंड के स्कूलों में नौनिहालों को पढते देखा जा सकता है। इससे दाल में काला ही नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली नजर आती है।

## चिराग योजना : निजी स्कूलों को देना होगा गरीब बच्चों को दाखिला

### जारी की 75 निजी स्कूलों की 3710 सीट

सूरज सहारण ▶▶| कैथल



चिराग योजना के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला देने को लेकर शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इससे गरीब बच्चों का निजी स्कूलों में पढने का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। विभाग द्वारा चिराग योजना के तहत जिले के 75 निजी स्कूलों में 3710 सीटें जारी कर दी हैं। विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि इन सीटों पर 15 अप्रैल तक दाखिले करना अनिवार्य होगा। यदि किसी स्कूल में सीटों से अधिक आवेदन आते हैं तो पारदर्शिता बनाए रखते हुए ड्रा (लॉटरी) के माध्यम से चयन किया जाएगा। वहीं, जिन स्कूलों में सीटें खाली रह जाएंगी, वहां 30 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। इच्छुक अभिभावक अपने विद्यार्थियों को इस योजना के तहत दाखिला करवाने के लिए 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों की सूची स्कूलों के नोटिस बोर्ड और संबंधित पोर्टल पर जारी की जाएगी। इसके बाद अभिभावकों को तय समय के भीतर अपने बच्चों का दाखिला करवाना होगा। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चिराग योजना का दायरा बढ़ाकर अब इसे कक्षा 2 से 12वीं तक किया था। इसमें आवेदन करने वाले विद्यार्थी के परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपए से कम होने की शर्त रखी गई है। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में अब 32 लाख परिवार पात्र होंगे। वहीं, विभाग ने सीटों का ब्यौरा देने के बावजूद दाखिले नहीं करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

### जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना लक्ष्य

जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुभाष कुमार ने बताया कि चिराग योजना जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना लक्ष्य है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए, ताकि अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में कार चालक की मौत

### गुलकनी के निकट जींद-हांसी मार्ग पर दो कारों में टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव गुलकनी के निकट जींद-हांसी मार्ग पर दो कारों के बीच हुई भिडंत में एक कार चालक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार दूसरी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिसार के रिषी नगर निवासी दलीप सिंह अपनी कार में सवार हो कर जींद की तरफ आ रहा था। गांव गुलकनी के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा गाड़ी ने उसकी कार को टक्कर मार दी। जिसमें दलीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर दूसरा गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दलीप को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर दिया। परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान दलीप की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे संदीप की शिकायत पर फरार ब्रेजा गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया की दो कारों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की हिसार के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कुख्यात बंबीहा गैंग के दो आरोपित गिरफ्तार

- एनकाउंटर के बाद करवाया था अस्पताल में भर्ती
- पुलिस टीम पर किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



थाना कलायत में दर्ज पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा कुख्यात बंबीहा गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब व स्पेशल टास्क फोर्स करनाल की संयुक्त टीम द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई में कुख्यात गैंग के दो शार्प शूटरों को मुठभेड़ के बाद काबू किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 मार्च को एजीटीएफ मोहाली को गुप्त सूचना मिली थी कि 18 मार्च को सेक्टर-9 चंडीगढ़ में चरणप्रीत उर्फ चिन्नी की हत्या में शामिल मुख्य शूटर राजन उर्फ पीयूष उर्फ पहलवान निवासी फिरोजपुर व उसका साथी प्रीतम शाह निवासी नवांशहर, चौशाला जिला कैथल में भारी हथियारों के साथ छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर एजीटीएफ पंजाब व एसटीएफ करनाल की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। पुलिस टीम को देखते ही तीन युवक भागने लगे, जिनमें से चोशाला निवासी साहिल को मौके पर ही काबू कर लिया गया, जबकि दो आरोपी कमरे में घुसकर पुलिस पर जानलेवा फायरिंग करने लगे। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी देने के बावजूद आरोपियों ने फायरिंग जारी रखी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा करते नीचे की ओर फायरिंग की, जिससे दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और वे गिर पड़े।

### पुलिस पर चलाई थी गोली

मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ करनाल के एसआई प्रवीण कुमार व एक अन्य कर्मचारी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गिरफ्तार शूटरों की पहचान राजन उर्फ पीयूष उर्फ पहलवान व प्रीतम शाह के रूप में हुई है, जो संगठित अपराध गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और विभिन्न आपराधिक वारदातों में वांछित बताए जा रहे हैं। मौके से अवैध पिस्तौल व कारतूस भी बरामद किए गए हैं। घायल आरोपियों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त दोनों शूटर गांव चौशाला निवासी साहिल के घर पर छिपे हुए थे।



कलायत। महागौरी अष्टमी अवसर पर प्रसाद ग्रहण करती कंजक।

### महागौरी अष्टमी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व

**कैथल/कलायत।** जिले भर में क्षेत्र में महागौरी अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। शहर एंव ग्रामीण अंचल के मंदिरों-घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के दौरान कंजक पूजन की परंपरा प्रमुख रूप से देखने को मिली। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनका पूजन किया। उन्हें भोजन करवाया। घर-घर में कंजकों को हलवा, पूरी और चने का प्रसाद खिलाया गया। इसके साथ ही परिवार के सदस्य की भांति उपहार देकर बेटियों के सम्मान का संदेश भी समाज में प्रसारित किया गया। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में भी विशेष आयोजन हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री और अनिरुद्ध गौतम ने बताया कि महागौरी अष्टमी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पवित्रता, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो जीवन में नई प्रेरणा प्रदान करता है। श्री कपिल मुनि ज्योतिष एवं रतन केंद्र प्रमुख विशाल ने बताया कि इस दिन कन्या पूजन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

## कागजों में लड़की 16 साल और दुल्हा पच्चीस का मिला

- परिजनों को बाल विवाह कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मौके पर पहुंची टीम कार्रवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की सर्तकता से लोन गांव के बाद अब जींद में भी एक नाबालिग बालिका वधु बनने से बच गई। बाल विवाह की सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंच कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए जानकारी दी। परिजनों ने आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता को सूचना मिली थी कि जींद के भिवानी रोड पर एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही है और बारात द्वक्ततेहाबाद से आई हुई है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए रवि लोहान, महिला सिपाही आरती, मोनिका, पूजा, दीपक, सामाजिक संगठन मिशन टू द डेस्परेट एंड डेस्टिट्यूट (एमडीडी) ऑफ इंडिया की टीम मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। टीम द्वारा लड़की के परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों द्वारा टाल मटोल की जाने लगी। जब सख्ती से जांच की गई तो सामने आया कि लड़की की उम्र 16 वर्ष है और फतेहाबाद से बारात लेकर पहुंचा दुल्हा 25 वर्ष का है। जिस पर उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि लड़की के माता-पिता अनपढ़ है और उन्हें किसी कानून की कोई जानकारी नही है।

### बालिग होने तक का इंतजार करें

इसलिए वह गलती से ऐसा कर रहे थे। इस पर परिजनों को समझाया गया कि आपकी लड़की नाबालिग है। इसलिए आप उसके बालिग होने तक का इंतजार करें ताकि कोई कानूनी अड़चन न आए। इसके बावजूद भी अगर आप नाबालिग लड़की की शादी करते हैं तो आप सभी के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर परिवार सहमत हो गया तथा शादी को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग के अधिकारियों को लिखित बयान दिए कि वह कानून की पालना करेंगे तथा लड़की के बालिग होने पर ही उसकी शादी करेंगें।

## विभाग ने यात्रियों की मांग पर एसी बस के रूट में फेरदल किया

# एसी बस को फिर हिसार-चंडीगढ़ रूट पर चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



नरवाना से गुरुग्राम जाने वाली एसी बस को फिर से हिसार-चंडीगढ़ रूट पर चलाया गया है। यात्रियों की मांग पर एसी बस के रूट में फेरदल किया गया है। गुरुग्राम से अपेक्षाकृत चंडीगढ़ रूट पर यात्रियों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में यात्रियों की संख्या को देखते हुए एसी बस को गुरुग्राम से हटा कर वाया फिर से वाया हिसार-चंडीगढ़ रूट पर चलाया गया है। हिसार से बस सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर चंडीगढ़ के लिए रवाना होती है, जो वाया नरवाना कैथल अंबाला होकर जाती है। एसी बस में नरवाना से चंडीगढ़ का किराया 315 रुपये और नरवाना से हिसार का किराया 146 रुपये है। वहीं पिछले दिनों जींद उपकेंद्र से एक एसी बस सफीदों भेजी गई थी। वहीं बस सफीदों से सिरसा के लिए चलाई जा रही है। ऐसे में यात्रियों को गर्मी के मौसम में लंबे रूट पर लाभ मिलेगा। फिलहाल जींद उपकेंद्र में सात, सफीदों में दो और नरवाना में एक एसी बस है। जींद से चंडीगढ़ के लिए एसी बस सुबह नौ बजकर 20 मिनट, सुबह 10 बजकर 50 मिनट, दोपहर 12 बजे और दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है। वहीं गुरुग्राम रूट पर सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, दूसरी बस 11 बजकर 20 मिनट और तीसरी बस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर गुरुग्राम के लिए रवाना होती है। एसी बस में जींद से चंडीगढ़ का किराया 340 रुपये, जींद से गुरुग्राम का किराया 251 रुपये लगता है। जींद डिपो में लगभग 170 साधारण बसें हैं। पहले डिपो में एसी बस नहीं थी। यात्रियों द्वारा लंबे रूटों पर एसी बसों की डिमांड की जा रही थी। जींद से चंडीगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा हरिद्वार, रिषिकेश, देहरादूनच पांवटा साहिब, सालासर, बालाजी, अमृतसर और लुधियाना जैसे लंबे रूटों पर भी साधारण बसें ही जा रही हैं। इन रूटों पर यात्रियों के लिए गर्मी के मौसम में एसी बस की जरूरत महसूस की जा रही थी। पिछले साल अगस्त माह के बीच में डिपो में एसी बस आई थी। जो लंबे रूटों पर चल रही हैं।

### बेहतर सुविधा देने का प्रयास

बस अड्डा नरवाना के डीआई जसमेर ने बताया कि रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। नरवाना से हिसार-चंडीगढ़ रूट पर एसी बस को फिर से लगाया गया है। पहले यह बस नरवाना से गुरुग्राम रूट पर चल रही थी।

## गोलीबारी की घटना में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला पुलिस द्वारा अपराधियों, असामाजिक तत्वों और अवैध हथियारों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते थाना सदर चौकी सीएसआरयू ने शराब ठेका सांझेदारी को लेकर हुई गोलीबारी में फरार चल रहे आरोपित गांव बीबीपुर निवासी साहिल को काबू किया है। चौकी सीएसआरयू इचार्ज राजेश देवी ने जानकारी देते बताया कि नौ जून 2025 को चौकी में शिकायत प्राप्त हुई थी कि शराब के ठेकों के दो सांझेदारों के बीच पुराने विवाद के चलते गांव बीबीपुर में गोलीबारी की घटना हुई है। जिसमें सुरेंद्र घायल हो गया है। गांव घिमाना निवासी सुरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। जांच में सामने आया कि जो गोली सुरेंद्र को लगी थी वह स्वयं सुरेंद्र व उसके साथियों द्वारा ही बचाव में ही मारी गई थी ओर स्वयं अस्पताल में दाखिल होकर साहिल व अन्य के खिलाफ मुकद्मा दर्ज करवाया था। घटना के बाद बीबीपुर निवासी साहिल फरार चल रहा था। पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस सुरेंद्र, सुमेश उर्फ काला, शिवम, विशाल, अमन, रौनक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## खबर संक्षेप

### चिराग योजना को वापस ले सरकारः हरपाल

**जींद।** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन की मीटिंग जिला प्रधान हरपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें किस प्रकार स्कूलों में नामांकन करें पर चर्चा की गई। जिला प्रधान हरपाल सिंह ने कहा कि एक तरफ सरकार नामांकन बढ़ाने की बात करती है। दूसरी तरफ चिराग योजना से सरकारी स्कूलों से बच्चों का दाखिला प्राइवेट स्कूलों में कर रही है। यह दोहरी मानसिकता है। इस योजना को सरकार वापस ले। राज्य कोषाध्यक्ष वेदपाल रिढाल ने कहा कि अध्यापकों का कार्य है बच्चों को पढ़ाना। अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं।

### खेत से दो बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकरामजी खेतों से दो बिजली मोटर गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव खरकरामजी निवासी मेहर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला, जब वह खेत में पहुंचा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** विकास नगर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विकास नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### उचाना एसडीएम का हुआ तबादला

**उचाना।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई एचसीएच के तबादलों की सूची में उचाना एसडीएम दलजीत सिंह का तबादला करनाल ज्वाइंट कमिश्नर म्यूनसिपल कमेटी के पद पर हुआ। उचाना के एसडीएम के तौर पर रमित यादव कार्यभार संभालेंगे। उचाना में काफी महीनों से एसडीएम के पद पर दलजीत सिंह कार्यरत है। निरंतर कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया। आमजन उनकी कार्यप्रणाली से बेहत प्रभावित नजर आया।

### तीन साल से नहीं मिली छात्रवृत्ति की राशि

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने हरियाणा के ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों 2023-24, 2024-25 और 2025-26 और अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थियों 2025-26 की छात्रवृत्ति राशि अब तक जारी न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति लंबे समय से लंबित है। जिससे हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को सरकार द्वारा आठ हजार से 20 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है और अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थियों को पांच हजार से लेकर एक लाख रुपये मिलते हैं।

### लंबित आवेदन निपटान के दिए निर्देश

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी दीपिका ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत एनएसपी पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अवधि के दौरान छात्रों द्वारा किए गए आवेदन संबंधित संस्थाओं के स्तर पर प्राप्त हुए हैं। इन आवेदन पत्रों के निपटान के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैंए जिनके अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार संस्था स्तर पर सभी आवेदन पत्रों का निपटान आगामी 10 अप्रैल तक किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

---

कंजकों को घर में श्रद्धालुओं ने खिलाया प्रसाद, दिए उपहार

# कन्याओं को भोजन करवाकर श्रद्धालुओं ने व्रत समाप्त किए

## भोजन करवाने को कन्याओं को लेकर गली-गली घूमे श्रद्धालु

**अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर वीरवार सुबह श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पूजा अर्चना कर व्रत समाप्त किए। घर में कन्या पूजन के लिए श्रद्धालुओं को गली-गली घूमते हुए देखा गया। कन्याओं को एकत्रित करने के लिए श्रद्धालुओं को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्याओं को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। मान्यता है कि नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मन्नतें पूरी करती हैं। यह भी मान्यता है कि जब तक कन्याओं को भोजन न कराया जाए तब तक व्रत सफल नहीं होता। इसी मान्यता के चलते वीरवार को सुबह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराया तथा अन्न प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत समाप्त किया। श्रद्धालु वीरवार सुबह जहां कन्याओं को शीघ्र भोजन करा व्रत समाप्त कर अन्न ग्रहण करने को उतावले दिखे वहीं कन्याओं को ढूंढने के लिए जगह-जगह गलियों में घूमते हुए देखा गया। कुछ लोगों को तो भोजन कराने के लिए कन्याएं न मिलने पर मंदिरों में सामूहिक रूप से भोजन करा कर काम चलाया। वहीं कुछ कन्याओं ने कई-कई घरों में भोजन किया। कंजकों को लाने के लिए घर-घर गए श्रद्धालुः नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालु दुर्गा अष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए कंजकों को लाने के लिए घर-घर घूमते नजर आए। दुर्गा अष्टमी पर व्रत रखने वाले माता के श्रद्धालु कन्याओं को भोज करवाते है। कन्याओं को भोज करवाने के बाद ही व्रत पूरे माने जाते है। व्रत रखने वाले श्रद्धालु सुबह लड़कियों को ले जाने के लिए घर-घर पहुंच गए थे। सुबह होते ही श्रद्धालु मोटरसाइकिल सहित अन्य साधन लेकर अपने-अपने यहां लड़कियों को लेकर गए और उन्हें भोज करवाया तथा व्रत को पूरा किया। व्रत रखने वाली सुनीता, प्रिया ने बताया कि एक लड़की ने कई-कई जगह पर भोज किया। उनके यहां व्रत पूरा करने के लिए लड़कियों को भोज करवाना था। कई-कई घरों में जाकर लड़कियों को भोज के लिए लाना पड़ा। बिना लड़कियों को भोज करवाए व्रत पूरा नहीं होता है।



जींद। कन्या पूजन करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### कंजकों को भोजन करवा मनाई दुर्गा अष्टमी

उचाना में दुर्गा अष्टमी पर घरों में श्रद्धालुओं द्वारा माता की पूजा-अर्चना की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने हलवा, पूरी का प्रसाद बना कर कंजकों को भोजन करवाया। सुबह ही घरों में कंजकों को भोजन करवाने के लिए महिलाएं एक-दूसरे घर के बाहर खड़े होकर कंजकों का इंतजार कर रही थी।

---

# पांच अप्रैल को जींद में होने वाली विकास रैली में महिलाओं की होगी विशेष भागीदारी : डा. तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने जींद हलके के दर्जनों गांव में दौरा करने के उपरांत कहा कि पांच अप्रैल को जींद में होने वाली रैली में महिलाओं की विशेष भागीदारी होगी। क्योंकि हलके की जिस गांव में भी वो गई महिलाओं ने रैली में आने के लिए उनको पूरा आश्वस्त किया है। उनका कहना है कि महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार पूरी प्रयासरत है व भाजपा ने महिलाओं को राजनीति में आगे लाने के लिए पंचायत से लेकर विधानसभा व लोकसभा में आरक्षण देने का काम किया है। भाजपा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों को चला कर बेटियों की शिक्षा व लिंगानुपात सुधारने में एक सराहनीय कदम उठाया है। महिलाओं की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए शौचालयों का निर्माण करवाया, महिलाओं को न्याय मिले व उनकी थानो में सुनवाई हो इसके लिए महिला थानों की स्थापना की। महिला खिलाडिय़ों को विशेष तौर पर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण दिया। इसलिए महिलाओं को भी भाजपा की मजबूती व मुख्यमंत्री नायब सैनी के स्वागत के लिए व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के हाथों को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचकर अपनी ताकत दिखानी चाहिए।



जींद। जनसंपर्क अभियान चलाए हुए डा. पुष्पा तायल।



जींद। माता की आरती में भाग श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### निर्मल करें अपने अंतर्मन को : पवन

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि निर्मल करें अपने अंतर्मन को मां को यदि पाना है। मां के दरबार में महत्व इस बात का नहीं कि व्यक्ति कितना ज्ञानवान है, धनवान है अथवा उसकी समाज में कितनी प्रतिष्ठा है अपितु महत्व इस बात का है कि उसका अंतःकरण कैसा है। क्योंकि पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है। जिसमें मां का प्रतिबिम्ब सम्पूर्ण दिव्यता से झलकता है। आचार्य नवरात्रों की सातवीं रात्रि को माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने सपरिवार भगवती कालरात्रि की पूजा अर्चना की व महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि मैं और मेरा ये भावनाएं अंतःकरण को बहुत तकलीफ देती हैं। इनके निकल जाने से हृदय को उसी प्रकार से चैन मिलता है, जैसे कांटा निकल जाने से शरीर को। वास्तव में झगड़े की जड़ हमारा यह मैं है।

### माता-पिता की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नही : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि किसी भी सदाचारी माता-पिता को संतान पैदा कर उनका लालन पालन कर, पढ़ा लिखा कर, रोजगार के योग्य करने में जो कष्ट उठाने पड़ते हैं, उनका बदला उनकी संतानें उनके माता-पिता को आजीवन संतुष्ट रख के भी नही चुका सकती हैं। इसलिए हमारी संस्कृती में माता-पिता की मृत्यु के बाद भी उनके निमित पितृ कर्म करते रहने का विधान है। वनों में पिता की मृत्यु का समाचार मिलते ही भगवान राम, उनके छोटे भाई लक्ष्मण सहित तुरंत मंदाकिनी नदी पर गए और उसके पवित्र जल में स्नान कर उनके पिता के निमित कंदमूल पुलों का पिंड दान कर सूरज को जल दिया। राजा श्रवण उसके अंधे माता-पिता की संतुष्टि के लिए उन्हें उनके कंधे पर रखी बहंगी पर बिठा कर कर तीर्थयात्रा कराने पैदल गए। जबकि आजकल बहुत से लोगों के माता-पिता उनकी बीमारी व बुढ़ापे के समय उनके घर में ही भार समझे जाने लगे हैं।

---

### नवरात्र में पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम में नवरात्र में हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, यूपी, बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, मुम्बई, गुजरात तक से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे। पहले नवरात्र से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडनी शुरू हो गई थी। आम से लेकर खास तक ने माता भ्रामरी की मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा पीने के पानी, साफ.-सफाई के अलावा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन किए हुए थे। पूरे मंदिर परिसर को भव्य ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने कहा कि नवरात्र में अष्टमी तक लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। माता भ्रामरी कुल देवी होने के साथ-साथ मान्यता है कि यहां पर नवजात शिशु के सिर के बाल उतारने के साथ-साथ पूजा, अर्चना की जाती है तो नवविवाहित जोड़े भी पूजा, अर्चना करने आते है।



उचाना। मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### सीएम की कथनी करनी में अंतर नहीं

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन समाधान किया। विधायक ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की कार्यशैली, मिलनसार स्वभाव से प्रदेश का आमजन प्रभावित है। जो वायदे सीएम नायब सिंह सैनी ने किए थे उन वायदों को वो पूरा करने में लगे हुए है। कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वो जो कहते है वो करते है। कहा कि विकसित उचाना का जो सपना उचाना हलके के लोगों ने देखा था उसको पूरा करने में वो लगे है। सीएम की उचाना विकास रैली इस सपने को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस में जो आज हो रहा है वो सबके सामने है। प्रदेश की मतदाता इस बात को जान चुका है कि उनके हित भाजपा में सुरक्षित है। लगातार तीसरी बार प्रदेश की जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया है।

### शिविर में 102 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के अकालगढ़ गांव में अशोक ठेकेदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और कुल 102 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। मौके पर 50 पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता नवीन सांगवान ने शिरकत की। कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से समय.समय पर रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। इस शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है।




जुलाना। रक्तदाताओं को बैज लगाते मुख्यातिथि नवीन सांगवान।



साडी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग को निमंत्रण देते आयोजक।

### संकीर्तन व भंडारे का आयोजन दो को

**जींद।** श्री हनुमत सेवा मंडल जींद द्वारा दो अप्रैल को सेठों वाली धर्मशाला में विशाल संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सुमित जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे हवन यज्ञ कार्यक्रम से होगी। इसके पश्चात सुबह 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम को सात बजे संकीर्तन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान अमृत रस धारा एवं छप्पन भोग जैसी विशेष धार्मिक व्यवस्था भी रहेगी जिससे श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो सकें। दरबार की सजावट विशेष रूप से आकर्षक बनाई जाएगी। जिसके लिए डेकोरेटर्स द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में आमंत्रित कलाकारों के रूप में चुलकाना धाम से भजन गायिका तमन्ना त्यागी और जींद से भजन गायक नरेश भजनी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबोएंगे।

---

# बेटों ने पिता संग मिल मां को बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

न्यू कृष्णा कालोनी में दो बेटों ने अपने पिता के साथ मिल कर मां के हाथ व पांव बांध कर बुरी तरह पीटा। आरोपितों ने पीड़िता के मुंह में कपड़ा भी ठूस दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों बेटों तथा पति के खिलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एचकेआरएन के तहत नागरिक अस्पताल में वार्ड हैल्पर लगी हुई है। उसकी बडा बेटा दिव्यांश आर्मी में है। उसकी पत्नी पिछले तीन महीने से मायके गई हुई है। गत 23 मार्च को दिव्यांश घर छुट्टी आया था। दिव्यांश तथा उसके छोटे बेटे अमन ने उसके हाथ, पांव, बांध दिए और उसके पति कुलदीप ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद तीनों आरोपितों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और डायल 112 को सूचना दी। जिन्होंने छुडवा कर उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

# गेटपास के प्वाइंट बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा सीएम के नाम मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

अग्रवाल जनहित समिति संस्थापक चेयरमैन लाला रामनिवास करसिंधु द्वारा पुरानी मंडी, कपास मंडी एवं हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में सभी एंट्री प्वाइंट एवं गेट पास बनाने की सुविधा को लेकर सीएम के नाम मांग पत्र मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को सौंपा। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों ने बताया कि आने वाले गेहूं के सीजन में फसल के गेटपास बनवाने के लिए जो प्वायंट हैं, वो कम है। जिसके चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वाहनों की लंबी लाइने लगने से जाम की स्थिति पैदा होगी। किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर गेटपास प्वाइंटों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसानों को गेटपास कटवाने के लिए परेशानी न हो। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि ये मांग पत्र सीएम ऑफिस भेज दिया जाएगा। जो मांग है वो विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के भी संज्ञान में लाकर सीएमए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।



मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को ज्ञापन सौंपते रामनिवास करसिंधु।



उचाना। कन्या पूजन के बाद कन्याओं को दिए उपहार के साथ श्रद्धालु।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा, अर्चना की

**उचाना।** नवरात्र की अष्टमी पर वीरवार को कन्या पूजन से मां दुर्गा का महापर्व समाप्त हुआ। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा, अर्चना की। घरों, मंदिरों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने कन्या पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के बाद उपहार स्वरूप बर्तनों से लेकर सूट, चुनरियां, हेयर पिन, क्लिप, चूड़ियां और अन्य सजावटी सामान, किताब, पेन बांटे। बाजारों में प्लास्टिक के बॉल, प्लेटें, स्टील के बर्तन, छोटी कटोरियां, गिलास, खिलौने और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खूब बिक्री कन्या पूजन से एक दिन पहले बाजारों में हुई। महाराजा अग्रसेन पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन घर.घर में कंजकों को आमंत्रित कर उनकी पूजा की जाती है।

---

विधायक ने दर्जन गांवों में लोगों को दिया रैली का निमंत्रण

# विकास रैली को लेकर ग्रामीणों में उत्साह : गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि आगामी चार अप्रैल को दोपहर सफीदों की नई अनाज मंडी में भव्य विकास रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करेंगे। यह रैली हलका सफीदों के विकास को प्रगति देने वाली साबित होगी। विधायक रामकुमार गौतम रैली को सफल बनाने के लिए वीरवार को जनसंपर्क अभियान के तहत रजाना खुर्द, रजाना कलां, जामनी, रिटौली, आलन जोगीखेड़ा, तेली खेड़ा, बनियाखेड़ा, खरकगादिया, मोहम्मद खेड़ा, माड़ी खुर्द, ढाठरथ सहित एक दर्जन गांवों में लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि इस रैली में मुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं और परियोजनाओं की घोषणा की जाएगी। जिसके पूरे होने विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में इस रैली को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सफीदों क्षेत्र को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं, सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को निर्देश देते कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। स्पष्ट रूप से कहा कि रैली में महिलाओं और पुरुषों को लाने के लिए सभी आवश्यक साधनों की व्यवस्था समय रहते पूरी कर ली जाए ताकि कार्यक्रम सफल बन सके। कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और मांगों की एक व्यवस्थित सूची तैयार करें।



जींद। ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

सूची को रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ताकि स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा सके। इस मौके परपूर्व विधायक कलीराम पटवारी, सफीदों मार्केट कमेटी के चेयरमैन चंद्र सैनी, पिल्लूखेड़ा मार्केट कमेटी चेयरमैन रोहताश शर्मा, सुरेश कौशिक, श्याम सरपंचख जिला पार्षद जसमेर रजाना, विनोद कौशल आदि मौजूद रहे।

# फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि रबी सीजन में गेहूं की फसल की कटाई माह के अंत तक प्रारम्भ होने की संभावना है। कटाई उपरांत कुछ किसानों द्वारा गेहूं के फसल अवशेषों को जलाने की प्रवृत्ति अपनाई जा सकती है। यह अवशेष जलाना वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण बनता है। जिससे पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता। वायु प्रदूषण अधिक होने से आंखों में जलन तथा उत्पन्न हुए धुंए से आमजन के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है तथा अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है। कई बार अवशेषों में आग लगाने से उत्पन्न हुए धुंए के कारण राजमार्गो पर दुर्घटना भी हो जाती है। खेतों में चर रहे मवेशी भी आग की चपेट में आ जाते हैं। फसल अवशेष में आग लगाने के कारण भविष्य में चारे की कमी भी हो सकती है तथा अवशेषों में आगजनी करने से मित्र कीटों की हानि भी होती है। जिससे फसल पैदावार पर असर पड़ता है। जिलाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके अन्तर्गत जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### गांव कैलरम से 23 वर्षीय युवती लापता

**कैथल।** कैथल के गांव कैलरम से 23 वर्षीय युवती के बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। थाना कलायत पुलिस के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 मार्च को शाम को करीब 4:00 बजे गांव कैलरम से उसकी 23 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से लापता हो गई।

### सांसद नवीन जिंदल कैथल में आज

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि 27 मार्च को जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। यह बैठक सुबह 10:00 बजे आरंभ होगी, जिसमें जिले में चल रही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### रैली में भाग लेगा किसान खेत मजदूर संगठन

**ढांड।** इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 31 मार्च को जींद में होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की 'ललकार रैली' में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें लगातार किसान-मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही हैं।

## डीसी ने पूंडरी में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

# अधिकारियों-एजेंसी को निर्माण कार्य तय समय में पूरा करवाने के निर्देश

कमरों, कोर्ट रूम, सीएससी सेंटर, कॉमन रूम, पटवार भवन का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

डीसी अपराजिता ने ब्लॉक पूंडरी में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की बारीकी से जानकारी ली। डीसी ने संबंधित अधिकारियों व एजेंसी को इस निर्माण कार्य को तय समय सीमा मे पूरा करने के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी ने डीसी को अवगत करवाया कि इस तहसील निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। डीसी ने निर्माणाधीन तहसील कार्यालय में बन रहे कमरों, कोर्ट रूम, सीएससी सेंटर, कॉमन रूम, पटवार भवन का एक-एक कर अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस तहसील कार्यालय के निर्माण से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। आमजन की राजस्व विभाग से संबंधित कार्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा। वहीं नवनिर्मित तहसील कार्यालय से अधिकारियों व कर्मचारियों को एक वातानुकूलित वातावरण प्राप्त होगा। कर्मचारियों को विभागीय कार्य करने में कोई परेशानी नहीं होगी। डीसी ने तहसील कार्यालय के प्रथम तल पर बन रहे तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व रिकार्ड के लिए इस भवन में समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। डीसी ने तहसील कार्यालय में लिप्ट, सर्वेर रूम, डाटा सेंटर , वीसी रूम तथा शौचालयों की नक्शे के माध्यम से भी जानकारी हासिल की।





**पूंडरी।** डीसी अपराजिता निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते व गांव मुन्नारेहडी में गेहूं फसल का क्राप सर्वे का निरीक्षण करते हुए डीसी।

### डीसी ने खेतों में जाकर किया डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य का निरीक्षण

**पूंडरी।** डीसी अपराजिता ने वीरवार को पूंडरी खंड के गांव मुन्नारहेड़ी व मोहना में पहुंचकर रबी फसलों की डिजिटल फॅप सर्वे के तहत चल रहे गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत की जा रही एंट्री के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीसी अपराजिता ने निरीक्षण के दौरान कई एकड़ पैदल चलकर स्वयं डिजिटल क्रॉप सर्वे में फसल की एंट्री दर्ज की। उन्होंने खेत में खड़ी फसल की फोटों को एप्प पर अपलोड कर एंट्री दर्ज की। डिजिटल सर्वे में किल्ला नंबर को सीजरा से मिलान किया। गिरदावरी के दौरान पटवारियों ने डीसी को अवगत करवाया की एंट्री के दौरान एप्प पर कई बार लोकेशन से संबंधित परेशानी आती है। जिस पर डीसी ने पटवारियों को निर्देश दिए कि खेत के अदंर जाकर फसल की एंट्री करें, जिससे लोकेशन से संबंधित परेशानी कम होगी। जिस एकड़ में खड़ी फसल का सर्वे किया जाना है उसके पास जाकर ही सर्वे करें।

डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत की जा रही गिरदावरी के कार्य में तेजी लाएं। पटवारियों से प्रतिदिन सर्वे रिपोर्ट लें। जिस ऐरिया में एंट्री ज्यादा शेष है उन गांवों में अतिरिक्त स्टॉफ लगाकर इस कार्य को पूरा करवाएं। डीसी ने सर्वे के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को 31 मार्च तक पूरा करवाएं। इस अवसर पर तहसीलदार अंशुल सहित अन्य संबंधित पटवारी मौके पर मौजूद रहे।

# कृष्ण-विरह प्रसंग से भावुक हुए श्रद्धालु



**पूंडरी।** गांव हाबड़ी में आयोजित कथा में आशीर्वाद लेते पूर्व विधायक तेजबीर सिंह।

- श्रीमद्भागवत महापुराण कथा यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पुंडरी

पूंडरी क्षेत्र के गांव हाबड़ी स्थित सूर्यकुंड तीर्थ एवं बाबा मीरा साहिब धाम में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना हुआ है। यहां श्रीमंत जूना अखाड़ा के सचिव कृष्णपुरी जी महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन वृंदावन से पधारी प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी गीतापुरी जी द्वारा किया जा रहा है, जिनके प्रवचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कथा में मुख्य यजमान के रूप में पूर्व विधायक तेजबीर सिंह एवं सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार पिलनी ने भाग लिया। कथा के दौरान साध्वी गीतापुरी जी ने भगवान श्रीकृष्ण के वृंदावन से मथुरा प्रस्थान के मार्मिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण कंस वध के लिए मथुरा जाने लगे, तब पूरे वृंदावन में शोक की लहर छा गई। ग्वाल-बाल, गोपियां और समस्त ब्रजवासी कृष्ण-विरह में व्याकुल होकर रोने लगे। साध्वी जी ने कहा कि गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम निष्काम और आत्मिक था। उनके लिए श्रीकृष्ण ही जीवन का आधार थे। जब कृष्ण उनसे दूर जाने लगे, तो गोपियों ने विरह में अपने हृदय की पीड़ा व्यक्त की।

#### ये रहे मौजूद

मुख्य यजमान पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज को शिक्षा और संस्कार प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा जैसे कार्यक्रम लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं और जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर कृष्णपुरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रमोद शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए

- अधिकारियों ने जलापूर्ति को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



**कैथल।** एसटीपी का निरीक्षण करते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी।

जिमखाना क्लब, कैथल में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैथल सर्किल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा के इंजीनियर-इन-चीफ देवेंद्र दहिया ने की। बैठक में मुख्य अभियंता डी. के. सैनी, मुख्य अभियंता टी. आर. पंवार सहित विभाग के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव बातिश भी बैठक में ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए और उन्होंने विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान कैथल सर्किल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इंजीनियर-इन-चीफ देवेंद्र दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की सभी योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं, बड़े विकास कार्यों की प्रगति, जलापूर्ति योजनाओं तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को बेहतर पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक के उपरांत इंजीनियर-इन-चीफ देवेंद्र दहिया ने मुख्य अभियंता (ग्रामीण) टी. आर. पंवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) सीवन, फतेहपुर तथा फरल का निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों व संयंत्रों के संचालन की समीक्षा की।

#### ये अधिकारी रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य अभियंता (शहरी) डी. के. सैनी ने भी कैथल जिले के एसटीपी का दौरा कर वहां चल रहे कार्यों और संयंत्रों के संचालन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को संयंत्रों के सुचारू संचालन तथा चल रहे कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार गिल कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर, कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल व कैथल सर्किल के अधीन कार्यरत सभी फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीईओ मनीष राव होंगे रूस के चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए,रूस की प्रतिष्ठित नेशनल रिसर्च मोर्डोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एमआरएसयू ने आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव को बतौर ग्लोबल चीफ गेस्ट एक विशेष निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों और आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक प्रमाण है। यह निमंत्रण इसी साल सात जनवरी को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को ने अपने पत्र में आरपीएस ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ग्रुप का योगदान सराहनीय है। यूनिवर्सिटी के रेक्टर, दिमित्री ग्लुश्को द्वारा प्रेषित इन आधिकारिक पत्रों में न केवल इन्जीनियर मनीष राव को विश्वविद्यालय में एक ग्लोबल चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है, बल्कि आरपीएस ग्रुप के दो मेधावी छात्रों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है।




**महेंद्रगढ़।** रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को से हाथ मिलाते मनीष राव। *फोटो : हरिभूमि*

#### सीधे प्रवेश की पेशकश की

विश्वविद्यालय ने आरपीएस ग्रुप के उत्कृष्ट छात्रों भव्या गुणवाल स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ-2025 और आदीश जैन स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ- 2026) को सीधे प्रवेश की पेशकश की है। इन छात्रों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और स्टाइपेंड प्रदान करेगा।

### कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्रों का समापन

**राजौंद।** चैत्र नवरात्र पिछले सात दिनों से श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं ने अष्टमी पर कन्या पूजन के साथ समापन हो गए। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने छोटी छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया, उन्हें भोजन करवाया और उपहार भेंट किए। इस दौरान घरों और मंदिरों में धार्मिक वातावरण बना रहा।मंदिरों में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। "जय माता दी" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र के इन दिनों में उन्होंने पूरी श्रद्धा से व्रत रखे और माता रानी की पूजा-अर्चना की।



**सीवन।** कंजक पूजन करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*



**राजौंद।** कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अष्टमी पर कन्या पूजन की परंपरा निभाई

**सीवन।** नवरात्रों के अष्टमी पर्व पर सीवन में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना की और छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया। उन्हें हलवा-पूरी, काले चने और अन्य प्रसाद अर्पित कर भोजन कराया गया तथा उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालु शालिनी, शैली मुंजाल, अदिति, दीपिका, रीना, ममता और रिंपी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि अष्टमी का व्रत आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दिन कन्या पूजन करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

### पूर्णाहुति के साथ संतचंडी यज्ञ संपन्न

**राजौंद।** नगर स्थित बाबा बहादुर वन मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय सतचंडी यज्ञ के विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न किया गया। 19 मार्च से सात ब्राह्मणों द्वारा सतचंडी पाठ का शुभारंभ किया गया था, जो श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी रहा।इस संबंध में मंदिर के महंत तेजगिरी जी व आचार्य बृज भूषण हरित ने बताया कि यह यज्ञ आठ दिनों तक चला, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर लिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के पर हवन के साथ यज्ञ का विधिवत समापन किया गया तथा कन्या पूजन भी किया गया।महंत तेजगिरी जी ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य नगर में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है।



**राजौंद।** सतचंडी यज्ञ के दौरान हवन यज्ञ में भाग लेते हुए श्रद्धालु।

# विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया




**कैथल।** वार्षिक परिणाम दिवस पर पदाधिकारियों को स्वागत करते प्रबंधक

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परिणाम दिवस का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 11वीं तक प्रत्येक कक्षा के प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेधावी प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विषय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, उन्हें निदेशक द्वारा विशेष "डायरेक्टर रिस्ट वॉच" देकर प्रोत्साहित किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर उनकी अनुशासनशीलता की सराहना की गई। इसके अतिरिक्त भाषा क्लबों के विजेता विद्यार्थियों को भी मेधावी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच से ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

## पुंडरी स्थित मां बगलामुखी धाम में 21 मार्च को किया था आयोजन

# 123 घंटे के अखंड महायज्ञ में 12 देशों से श्रद्धालु पहुंचे

विश्व शांति और जनकल्याण की कामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पुंडरी



**पूंडरी।** अखंड महायज्ञ में पूर्णाहुति करते आचार्य राजीव कौशिक व श्रद्धालु।

पुण्डरी स्थित मां बगलामुखी धाम में 21 मार्च से शुरू हुआ 123 घंटे का अखंड महायज्ञ आज पूर्ण आहुति के साथ विधिवत रूप से संपन्न हो गया। महायज्ञ "सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय" के उद्देश्य से विश्व शांति और जनकल्याण के लिए आयोजित किया गया था। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के समापन समारोह में मुख्य रूप से स्वामी रवि गिरी जी महाराज उपस्थित रहे। इसके अलावा हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। इस महायज्ञ की विशेषता यह रही कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पंजाब से आए विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रूप से आहुतियां डलवाईं। इसके साथ ही लगभग 12 देशों से भी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर इस धार्मिक अनुष्ठान को और अधिक भव्यता प्रदान की। यज्ञ संचालक आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि उनका संकल्प था कि पूंडरी में इस प्रकार का भव्य अखंड महायज्ञ आयोजित किया जाए, जिसमें निरंतर आहुतियां देकर विश्व शांति और कल्याण का संकल्प लिया जाए।

#### महायज्ञ अत्यंत फलदायी

स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि दस महाविद्याओं में मां बगलामुखी आठवीं महाविद्या मानी जाती हैं, जो अत्यंत शक्तिशाली और सर्वत्र पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मां बगलामुखी का अखंड महायज्ञ करना अत्यंत फलदायी होता है और यह प्रत्येक जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। मां बगलामुखी को शत्रु नाश, वाणी नियंत्रण और संकट निवारण की देवी माना जाता है।

#### ये रहे मौजूद

21 मार्च से चल रहे इस 123 घंटे के अखंड महायज्ञ में हरियाणा सरकार के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक रणधीर गोलन, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूंडरी नगरपालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, राकेश गोस्वामी, विक्की सैनी, हरियाणा ग्रामीण बैंक के पूर्व डायरेक्टर एडवोकेट पीएल भारद्वाज सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.मा.वि. अनुपगढ़ (01647) (जींद) में 06 कंडम कमरों की नीलामी/बोली करवाई जानी है। यह नीलामी दिनांक 08.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे रा. मा. वि. अनुपगढ़ (जींद) के प्रांगण में होनी निश्चित हुई है। नीलामी की शर्तें मौके पर ही बता दी जाएंगी। मो. नंबर- 9813311502

विद्यालय प्रबंधक समिति (SMC)
रा. मा. वि. अनुपगढ़ (जींद)

## खबर संक्षेप

### गेट पास के नए नियम करें स्थगित : वीरेंद्र

**उचाना।** पूर्व मंडी प्रधान वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि गेहूं के सीजन में सरकार जो नियम किसानों की फसल के लिए गेट पास को लेकर लाई है, उससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार के नियमों के अनुसार जो ट्रैक्टर व ट्राली में फसल लेकर मंडी में किसान आएगा उसके आगे नंबर होने चाहिए। इन नए नियमों को स्थगित किया जाए।

### हनुमान जन्मोत्सव पर जागरण दो को

**नरवाना।** मां बनभौरी सेवा मंडल पटेल नगर द्वारा आगामी दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर तीसरा विशाल सालासर महाराज व खाटू श्याम संकीर्तन एवं भंडारा पटेल नगर में किया जा रहा है। प्रधान दिनेश शर्मा ने बताया कि ज्योत प्रज्वलित बाबा गैबी साहब के महंत अजय गिरी महाराज व महंत जागनाथ करेंगे।

### सद्भाव यात्रा से राजनीति में होगा बदलाव : विजेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस युवा नेता विजेंद्र डूमरखा कलां ने कहा कि प्रदेशभर में सद्भाव का संदेश देने के लिए सदभाव यात्रा पर निकले पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह को लोगों का जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। इस यात्रा से आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति प्रभावित होगी। अब कोई चुनाव का समय नहीं है लेकिन बृजेंद्र सिंह भाईचारे को दोबारा से कायम करने का संदेश दे रहे हैं।

### एलपीजी पर अफवाह फैलाने वाले सावधान रहें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। एलपीजी गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक को लेकर शासन व प्रशासन सजग व सतर्क है। अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। किसी प्रकार अनियमितता मिलने और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

### शिव मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन आज

**सीवन।** रामनवमी के पावन पर्व पर सीवन स्थित स्वर्गद्वार शिव मंदिर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। 27 मार्च को मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ, भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का उत्सव और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य संगीत बंसल, सुमेश बंसल, बलराज बंसल, रामपाल बंसल एवं मास्टर प्रवेश ने जानकारी दी।

### राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तरीय एजेंट बीएलए की नियुक्ति तथा बीएलए 0.2 फार्म में एजेंट के मोबाइल नंबर एवं फोटो शामिल करने के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

### बाबा फुल्ले साध गोशाला में रक्तदान शिविर आज

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध गोशाला कापड़ो में शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। प्रधान नत्थुराम जैन, संरक्षक गिरीश जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर नारनौंद डीएसपी देवेंद्र नैन पहुंचेंगे। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट भी दिए जाएंगे। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है।

### चोरों ने ढांड से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** बरोट के लखविंदर सिंह ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ढांड में दुकान करता है। 24 मार्च की रात को कर उसकी दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा जूसर, एग्जॉस्ट फैन, कॉपर तार व अन्य सामान चोरी हो गया।

## आरटीआई से खुली सात पार्कों के नाम पर गोलमाल की पोल

# सात पार्कों में रखरखाव व सुरक्षा के नाम पर फर्जीवाड़ा, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत

कलायत नगर पालिका में सात पार्कों के रखरखाव के नाम पर बड़े गोलमाल के आरोप लगे हैं। आरटीआई के माध्यम से सुरेंद्र बैद्य ने इसकी परत खोली है।

**एक वर्ष की समय अवधि से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए एसआईटी गठित करने की मांग**

आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नई कार्यकारिणी के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण के दावे किए गए। लेकिन कागजों में जो दिखाया जा रहा है वह हकीकत में नहीं है। इस कड़ी में बड़ा गोलमाल शहर में सात पार्कों के रखरखाव की आड़ में हो रहा है। इसमें प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर महाराजा अग्रसेन पार्क, भगवान विश्वकर्मा वाटिका, वीर महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन परिसर का पार्क, प्राचीन श्री रूढ़पुरी मंदिर, अनाज मंडी, अनाज मंडी के पास सैनी कॉलोनी व श्री खाटू श्याम पार्क पर दर्शाये जा रहे खर्च शामिल हैं। इनके रखरखाव के लिए प्रति 8 घंटे एक चौकीदार की नियुक्ति का प्रावधान टेंडर प्रक्रिया में रखा गया है। इस मायने से यदि प्रति पार्क एक सुरक्षा गार्ड को तैनात किया जाए तो 21 गार्डों की आवश्यकता रहती है। टेंडर में सिक्योरिटी गार्ड को साफ-सुथरी पोशाक, रोशनी के लिए टॉर्च, लाठी व अन्य सुविधाओं से लैस दिखाया गया है। जबकि वास्तव में पार्कों में इस प्रकार की सुरक्षा एवं सुविधा धरातल पर नहीं है। बावजूद इसके पहले रनिंग बिल में सुरक्षा व्यवस्था पर 1 लाख 90 हजार रुपये का भुगतान किया गया। इसी तरह अनावश्यक घास एवं पेड़-पौधों के संरक्षण पर डीएपी, यूरिया व बेहतरीन तकनीक के इस्तेमाल का उल्लेख है। आज तक किसी ने इस प्रकार की व्यवस्था को पूर्ण करते नहीं देखा गया। इतना ही नहीं सिंचाई की हाई तकनीक, आयु अनुसार पेड़-पौधों की देखभाल व कुछ अन्य खर्च दर्शाते हुए तीन रनिंग बिलों में करीब 17 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। यह आंकड़े ग्राउंड रिपोर्ट से कोसों दूर हैं। इसी तरह कौशल के तहत नगर पालिका में नियुक्ति एवं नीति अनुसार कर्मियों से जुड़ा रिकॉर्ड आरटीआई में मांगा गया है। आरटीआई कार्यकर्ता सुरेंद्र बैद्य ने बताया कि कलायत के एक पार्क में बड़े बजट से हाल ही में झूले व बच्चों के खेल का सामान लगाया गया था। एक सुबह झूले टूटे मिले। इस पर एजेंसी ने यह उल्लेख किया गया झूले रात्रि का फायदा उठाकर तोड़े गए। बड़ा सवाल यह है कि जब निरंतर सिक्योरिटी के दावे किए जाते हैं तो झूले कैसे टूट गए। इस प्रकार की स्थिति पार्कों के रखरखाव पर सवालिया निशान है। यह ऐसा पहला मामला नहीं है। सौदर्यीकरण, विकास एवं रखरखाव के नाम पर खर्च की जा रही राशि की सिरे से स्पेशल एसआईटी गठित करते हुए जांच की जरूरत है। इस प्रकार की स्थिति में बिना देरी मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शहरी स्थानीय निकाय अतिरिक्त मुख्य सचिव, निदेशक व अन्य अधिकारियों को संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि सरकारी धन का सही तरह से उपयोग किया जा सके।



**कलायत।** कलायत के पार्कों से जुड़े दस्तावेज दिखाते आरटीआई कार्यकर्ता सुरेंद्र बैद्य। *फोटो : हरिभूमि*

### जेई ने किया पार्कों का किया दौरा नहीं मिला सिक्योरिटी गार्ड

*नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता अब्दुल खान ने बताया कि पार्कों की व्यवस्था को कसौटी पर परखने के लिए उन्होंने विजिट की। इस दौरान कोई सिक्योरिटी गार्ड नहीं मिला। पार्क का रखरखाव करने वाले एजेंसी को जब नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा तो उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी केवल रात्रि में रहती है। जबकि टेंडर में 24 घंटे सिक्योरिटी का प्रावधान है। इसके चलते दोबारा से नोटिस देते हुए जवाबतलबी की गई है। कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि नपा प्रशासन हर स्तर पर पारदर्शिता एवं गतिशीलता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। इसके तहत शीर्ष अधिकारियों की निगरानी में व्यवस्था को बेहतर एवं पारदर्शी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।*



**जींद।** परीक्षा समाप्त होने पर खुशी व्यक्त करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

## बाल वाटिका के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त

- दस दिनों तक चली लिखित और मौखिक परीक्षाएं
- बच्चों में परीक्षा को लेकर तनाव हुआ समाप्त, खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जिले में बाल वाटिका तीन से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त होते ही विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कुछ बच्चों ने कहा कि अब वे छुट्टियों में खूब खेलेंगे, चित्र बनाएंगे और परिवार के साथ समय बिताएंगे। दस दिनों तक चली लिखित और मौखिक परीक्षाओं के बाद जब अंतिम पेपर समाप्त हुआ तो बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और राहत दोनों झलक रही थी। परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर बच्चों ने अपनी खुशी खुलकर जाहिर की। पिछले कई हफ्तों से जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में परीक्षा की तैयारियां जोरों पर थी। शिक्षक बच्चों को बार-बार अभ्यास करवाते रहे ताकि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठ सकें। बाल वाटिका 3 से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा उनके पूरे वर्ष की मेहनत का मूल्यांकन थी। शिक्षकों ने बताया कि इस बार बच्चों में पढ़ाई को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कई विद्यालयों में बच्चों ने समूह अध्ययन की पद्धति अपनाई। जिससे उन्हें विषयों को समझने में आसानी हुई। गणित, हिंदी, अंग्रेजी और पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और समझ का परिचय दिया।

### खेलों से पढ़ाई

एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करते हैं लेकिन परीक्षा का नाम सुनते ही उनमें भी हल्का तनाव आ जाता है। परीक्षा तो परीक्षा होती है और बड़े-बड़े भी इसके नाम से घबरा जाते हैं। ऐसे में जब ये छोटे बच्चे परीक्षा पूरी करते हैं तो उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है। परीक्षा समाप्ति पर उनकी खुशी देखना वास्तव में सुखद अनुभव है।

## लापता बच्चे को परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

चौकी किठाना पुलिस कैथल ने मानवता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए लावारिस हालात में मिले मानसिक रूप से दिव्यांग करीब 10 वर्षीय बच्चे को एक घंटे से कम समय में उसके परिजनों से मिलवाकर "सेवा, सुरक्षा और सहयोग" के नारे को चरितार्थ किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की चौकी किठाना पुलिस टीम को करीब 5 बजे के आसपास बस अड्डा किठाना के पास मानसिक रूप से दिव्यांग एक करीब 10 वर्षिय बच्चे लावारिस हालात में मिला। पुलिस टीम द्वारा बच्चे को अपने संरक्षण में लिया। बच्चा मानसिक रूप से दिव्यांग था तथा अपना तथा अपने माता-पिता का नाम-पता सही ढंग से बताने में असमर्थ था।



**कैथल।** पुलिस टीम के साथ किशोर व उसके परिजन। *फोटो : हरिभूमि*

### मानसिक दिव्यांग है बच्चा, भटक गया था

किठाना पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई मनीष कुमार व एचसी राजबीर की टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए पुलिस सूत्रों एवं स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद 1 घंटे से भी कम समय में उसके परिजनों का पता लगा लिया गया, जो किठाना के पाए गए और उन्हें चौकी में बुलाया गया। बच्चे को सकुशल उनके हवाले किया गया। परिजनों ने अपने बच्चे को सुरक्षित लौटाने पर चौकी किठाना पुलिस टीम का दिल से धन्यवाद किया और पुलिस की तत्परता की सराहना की।

## राजौंद मंडी में खरीद को लेकर तैयारियां पूरी

- 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजौंद

राजौंद अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की खरीद को लेकर मंडी प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। मंडी का निरीक्षण करने पर साफ दिखाई दिया कि प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में मार्केट कमेटी सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि गेहूं की खरीद निर्धारित समय पर शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरसों की खरीद के लिए भी मंडी में अलग से सेंटर स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इस बार मौसम के कारण गेहूं की फसल मंडी में थोड़ी देरी से आने की संभावना है, लेकिन खरीद प्रक्रिया को लेकर सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। मंडी में पानी, बिजली, शेड और सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से बेहतर बनाया गया है। सचिव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी गेहूं व सरसों की फसल को अच्छी तरह साफ व सुखाकर ही मंडी में लाएं, ताकि खरीद के दौरान किसी प्रकार की कटौती या परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को खरीद के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।




राजौंद अनाज मंडी

## मुनाफे का लालच देकर ठगी के 2 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

मुनाफे का लालच देकर लाखो रुपए ठगने के मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी निवासी बृजभूषण की शिकायत अनुसार 12 जनवरी को व्हाट्सएप पर एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश आया, जिसमें निवेश कर मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। उसने दिए लिंक पर क्लिक कर दिए गए नंबर पर संपर्क किया। ठग ने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। झांसे में आकर उसने अलग-अलग समय में कुल 18.22 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब बृजभूषण को ठगी का संदेह हुआ और उसने रुपये वापस निकालने की कोशिश की, तो रकम नहीं निकली। थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम ने आरोपी पानीपत निवासी सागर सिंगला तथा रमेश कुमार को पानीपत से काबू किया। इन्होंने ठगों को बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाए थे। दोनो आरोपियों का न्यायालय से 2 दिन के रिमांड पर लिया है।



## हनुमान जयंती पर निकाली जाएगी ध्वजा यात्रा

- जयंती मंदिर से बनखंड महादेव तक पैदल ध्वज यात्रा दो अप्रैल को : आशीष जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

श्री श्याम दीवाना मंडल जींद द्वारा जींद में पहली बार हनुमान जयंती के उपलक्ष में दो अप्रैल को विशाल पैदल ध्वज यात्रा निकाली जा रही है। यह ध्वज यात्रा जयंती मंदिर से शुरू होगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बनखंड महादेव मंदिर में समाप्त होगी। आशीष जिंदल ने बताया कि इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर शामिल होंगे। वहीं पूरे मार्ग में भजन कीर्तन, ढोल नगाड़ों और जय श्री राम व जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा। आयोजन की खास विशेषताएं भगवान हनुमान की आकर्षक और भव्य झांकियां रहेगी।



**जींद।** व्यापारी नेता राजकुमार गोयल को निमंत्रण देते हुए आयोजक।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

इसके साथ-साथ रास्ते में जगह जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी रहेगा। रास्ते में जलपान व सेवा व्यवस्था भी की गई है। गौरव अग्रवाल ने बताया कि भव्य हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर संस्था के सदस्य मयंक शर्मा, हैप्पी दुग्गल, साहिल तायल इत्यादि पदाधिकारी पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। इस ध्वज यात्रा के शहर में निमंत्रण भी बांटे जा रहे है।



**जींद।** शैक्षिक भ्रमण पर रवाना होते हुए स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वयंसेवकों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में चल रहे सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन स्वयं सेवकों ने शैक्षिणक भ्रमण किया। अध्यक्षता बीएड प्राचार्य डा. महावीर सिंह ने की। ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी पहुंच हड़प्पा सभ्यता में मिले कंकाल, ईंटें, बर्तन, दीवारों एवं सिंचाई व्यवस्था इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जो राखीगढ़ी ऐतिहासिक क्षेत्र है, इसके 11 टीलो हैं। जिन में भिन्न-भिन्न तरह के अवशेष प्राप्त हो रहे हैं। क्षेत्र के भ्रमण में ऐतिहासिक पुरातत्व विभाग के द्वारा प्रदान जानकारी से अपने ज्ञान में वृद्धि की और ऐतिहासिक स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## खेल नर्सरियों के लिए मिले हैं 363 आवेदन, सबसे ज्यादा 77 आवेदन कबड्डी नर्सरी के लिए आए

# अप्रैल में होंगी जिले में नई खेल नर्सरियां अलॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

अप्रैल माह में जिले को नई खेल नर्सरियां अलॉट की जाएंगी। नए सत्र में नर्सरी अलॉट करने को लेकर खेल विभाग ने नर्सरी संचालकों ने आवेदन मांगे थे। जिलेभर से कुल 363 आवेदन आए हैं, जिसमें 27 विभागीय नर्सरियों के हैं। वहीं 29 खेलों के लिए 336 आवेदन सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों व निजी स्कूल की नर्सरी संचालकों द्वारा किए गए हैं। प्राइवेट खेल नर्सरियों में इसमें सबसे ज्यादा 77 आवेदन कबड्डी नर्सरी के लिए आए हैं। इसके बाद एथलेटिक्स के लिए 48 व तीसरे नंबर पर कुश्ती के लिए 40 आवेदन आए हैं। अप्रैल माह की शुरुआत में नर्सरियां शुरू हो जाएंगी। इस बार की खास बात यह है कि निजी स्कूल संचालकों से भी नर्सरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जबकि पिछली बार केवल सरकारी स्कूलों व ग्राम पंचायतों को खेल नर्सरियां अलाट की गई थी। इस बार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में शामिल खेल नर्सरी खोली जाएंगी। विभाग द्वारा इन संस्थानों को हिदायत अनुसार 20 से 25 हजार रुपये प्रशिक्षकों को मानदेय व 1500 से दो हजार रुपये खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि सत्र 2025-26 में अलॉट हुई खेल नर्सरियां 31 जनवरी को बंद हो चुकी हैं। अब अप्रैल माह में नई खेल नर्सरियां अलॉट होंगी। पिछले सत्र में जिले में 58 खेल नर्सरियां ग्राम पंचायतों व सरकारी स्कूलों को अलॉट थी। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। खिलाड़ी को महीने में 22 दिन हाजिरी लगानी अनिवार्य होती है। हाजिरी के आधार पर ही खिलाड़ियों को डाइट राशि प्रदान की जाती है। खेल विभाग की ओर से आठ से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाडियों को दो हजार रुपये की राशि दी जाती है।



**जींद।** एकलव्य स्टेडियम।

### 27 विभागीय नर्सरियों के आवेदन

*जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि जैसे ही विभाग की ओर से नई खेल नर्सरियां अलॉट होंगी तो नर्सरी संचालकों व खिलाड़ियों को अवगत करवा दिया जाएगा। खेल विभाग की ओर से नए सत्र में खेल नर्सरियां अलॉट की जाएंगी। कुल 363 आवेदन आए हैंए जिसमें 27 विभागीय नर्सरियों के हैं।*

### खेल का नाम आवेदनों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| आर्चरी | 8 | कराटे | 3 |
| एथलेटिक्स | 48 | खो-खो | 17 |
| बैडमिंटन | 1 | नेटबाल | 3 |
| बास्केटबाल | 20 | रोइंग | 3 |
| बाक्सिंग | 8 | शूटिंग | 4 |
| कनोइंग | 1 | स्केटिंग | 1 |
| क्रिकेट | 3 | स्वीमिंग | 16 |
| साइकिलिंग | 2 | टेबल टेनिस | 3 |
| घुड़सवारी | 1 | ताइक्वांडो | 1 |
| फेंसिंग | 4 | वालीबाल | 7 |
| फुटबाल | 18 | वेटलिफ्टिंग | 1 |
| हैंडबाल | 19 | कुश्ती | 40 |
| हॉकी | 11 | वुशू | 9 |
| जूडो | 3 | योगा | 4 |
| कबड्डी | 77 | कुल | 336 |

### विकास से बदली साकरा की तस्वीर : डॉ. सतपाल

**ढांड।** ग्राम पंचायत साकरा में इन दिनों विकास कार्यों की रफ्तार ने नई मिसाल कायम कर दी है। गांव के सरपंच डॉ. सतपाल साकरा के नेतृत्व में लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे गांव की तस्वीर तेजी से बदलती नजर आ रही है। गांव में सड़कों के निर्माण, नालों की सफाई, पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा कराया जा रहा है। इन विकास कार्यों का सीधा लाभ गांव के हर वर्ग को मिल रहा है। सरपंच डॉ. सतपाल साकरा का कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य साकरा को एक आदर्श गांव के रूप में विकसित करना है, जहां हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।